ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

सोशल ऑडिट यूनिट, झारखण्ड (झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) के अंतर्गत सामाजिक अंकेक्षण कार्य के लिए प्रखंड स्रोत व्यक्ति (क्षेत्रीय समन्वयक) हेतु Shortlisted अभ्यर्थियों सूचना एवं संशोधित चयन प्रक्रिया

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा स्थापित सोशल ऑडिट यूनिट द्वारा मनरेगा सहित विभिन्न योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण संपन्न किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत क्षेत्र में समन्वय, पर्यवेक्षण और डाटा एंट्री सहित विभिन्न गतिविधियों को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर प्रखंड स्रोत व्यक्ति (क्षेत्रीय समन्वयक) हेतु योग्य और इच्छुक अभ्यार्थियों की आवशयकता है। इस पद पर निर्णयानुसार झारखण्ड के निवासियों का ही चयन किया जाना है और जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर का अनुपालन किया जायेगा।

सामाजिक अंकेक्षण कार्य में लगे टीम का क्षेत्रीय स्तर पर उत्प्रेरण, उसकी तैयारी ,उसके अनुश्रवण और उसकी रिपोर्ट की डाटा प्रविष्टि के साथ जिला कार्यालय की व्यवस्था में सहयोग और प्रशिक्षण कार्य के लिए योग्य अभियार्थियों द्वारा अनुबंध के आधार पर चयन किया जाना है।

चयन की प्रक्रिया :

1. आवश्यक योग्यता सह अहर्ता रखने वाले उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा हेतु प्रारंभिक चयन उपरोक्त दिए गए शैक्षणिक योग्यता और सामाजिक अंकेक्षण में अनुभव के आधार पर नामित समिति द्वारा की गयी है जिसकी सूचना अभ्यर्थियों को सोशल ऑडिट यूनिट के वेबसाइट (www.saujharkhand.org/careers) से प्राप्त की जा सकेगी।

2. लिखित परीक्षा के अलावा, किये गए सामाजिक अंकेक्षण की संख्या शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांक ,और कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी की दक्षता आकलन के आधार पर चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी . मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन भी किया जायेगा।

3.भारत सरकार एवं राज्य सरकार के तृतीय पदों या उससे निचले स्तर के पदों पर व्यक्तिगत साक्षात्कार के प्रावधान को खत्म कर दिया गया है। अतः पूर्व में प्रकाशित चयन प्रक्रिया से समूह चर्चा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार को विलोपित कर दिया गया है। ***लिखित परीक्षा दिनांक–14.06.2019*** को पूर्वाहन् 11:00 बजे ***CAMBRIAN PUBLIC SCHOOL, DHURWA, RANCHI*** में आयोजित की गयी है। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची सोशल ऑडिट यूनिट के वेब साईट पर अपलोड किया जाएगा।

4. लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को कंप्यूटर दक्षता की परीक्षा में शामिल किया जाएगा जिसमें उन्हें अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों अनुभव सहित की एक सेट छाया प्रति के साथ उपस्थित होना है।

4. समय समय पर सूचना हेतु सोशल ऑडिट यूनिट के वेबसाइट का अवलोकन करते रहना अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक है। .

5. इस सम्बन्ध में सोशल ऑडिट यूनिट झारखण्ड का निर्णय अंतिम होगा। .

(मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी)

Chief Executive Officer
Jharkhand State Livelihood Promotion Society
(Under the aegis of Rural Development Department, Govt. of Jharkhand)
3rd Floor, FFP Building HEC, Dhurwa, Ranchi-834004